**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 1857**
**गुरूवार, 16 मार्च, 2023/25 फाल्गुन, 1944 (शक)**

## संगठित क्षेत्र में रोजगार में वृद्धि

**1857. श्री नरहरी अमीनः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या संगठित क्षेत्र में रोजगार अवसरों में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो क्या इसके परिणामस्वरूप कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के पंजीयनों में वृद्धि हुई है; और

(ग) यदि हां, तो गत दो वर्षों के दौरान देश, विशेष रूप से गुजरात में ईपीएफओ के पंजीयनों में प्रतिशत-वार वृद्धि सहित, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

(क) से (ग): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से करवाया जा रहा आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रोजगार और बेरोजगारी पर आंकड़ों का स्रोत होता है। सर्वेक्षण की अवधि जुलाई से अगले वर्ष जून तक होती है। नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2019-20 से वर्ष 2021-22 के दौरान 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति के आधार पर अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) इस प्रकार है:

| वर्ष | कामगार जनसंख्या अनुपात (% में) |
|---|---|
| 2019-20 | 50.9 |
| 2020-21 | 52.6 |
| 2021-22 | 52.9 |

*स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई*

पीएलएफएस आंकड़ें दर्शाते है कि देश में रोजगार की प्रवृत्ति बढ़ रही है।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) सितंबर, 2017 से अपना मासिक पेरोल डेटा प्रकाशित कर रहा है। देश में वर्ष 2020-21 और वर्ष 2021-22 के दौरान ईपीएफ अंशदाताओं में निवल वृद्धि क्रमशः 77.1 लाख और 122.3 लाख थी, इसमें 59% की वृद्धि दर्ज की गई है। गुजरात में, वर्ष 2020-21 और वर्ष 2021-22 के दौरान ईपीएफ अंशदाताओं में निवल वृद्धि क्रमशः 7.5 लाख और 10.7 लाख थी, इसमें 42% की वृद्धि दर्ज की गई है।

ईपीएफ अंशदाताओं में निवल वृद्धि का राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

*****

**अनुबंध**

**राज्य सभा के दिनांक 16.03.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1857 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**ईपीएफ अंशदाताओं में राज्य-वार निवल वृद्धि**

| क्र.सं. | राज्य | 2020-21 | 2021-22 |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 1,881 | 1,524 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1,87,986 | 2,73,104 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1,374 | 1,571 |
| 4 | असम | 36,634 | 23,284 |
| 5 | बिहार | 3,78,771 | 92,059 |
| 6 | चंडीगढ़ | 85,094 | 1,30,159 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 81,446 | 1,19,369 |
| 8 | दिल्ली | 4,25,486 | 8,89,628 |
| 9 | गोवा | 50,539 | 57,154 |
| 10 | गुजरात | 7,54,982 | 10,74,917 |
| 11 | हरियाणा | 7,16,973 | 9,63,560 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 82,189 | 85,494 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 29,269 | 31,853 |
| 14 | झारखंड | 65,950 | 97,040 |
| 15 | कर्नाटक | 6,24,237 | 13,60,463 |
| 16 | केरल | 63,823 | 1,40,378 |
| 17 | लद्दाख | 235 | 805 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 1,79,978 | 2,62,348 |
| 19 | महाराष्ट्र | 14,95,493 | 26,45,451 |
| 20 | मणिपुर | 1,354 | 1,604 |
| 21 | मेघालय | 1,940 | 4,174 |
| 22 | मिजोरम | 436 | 456 |
| 23 | नागालैंड | 108 | 546 |
| 24 | ओडिशा | 1,00,361 | 1,67,483 |
| 25 | पंजाब | 1,07,224 | 1,48,061 |
| 26 | राजस्थान | 2,83,760 | 4,09,217 |
| 27 | तमिलनाडु | 6,64,278 | 12,84,986 |
| 28 | तेलंगाना | 4,17,091 | 7,57,548 |
| 29 | त्रिपुरा | 2,541 | 3,520 |
| 30 | उत्तर प्रदेश | 4,90,109 | 6,80,229 |
| 31 | उत्तराखंड | 1,55,479 | 1,55,045 |
| 32 | पश्चिम बंगाल | 2,21,354 | 3,71,595 |

स्रोत: ईपीएफओ